# आकाशवाणी शिमला

**16.07.2024** **1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश हित के मुद्दों पर की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात–प्रधानमंत्री का हर सम्भव सहायता का आश्वासन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया जनता की सुविधाएं छीनने का आरोप।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण में समर्पित है मोदी सरकार।
- प्रदेश में धीमा पड़ा मॉनसून फिर पकड़ेगा रफ्तार–18 से 20 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को राज्य की हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गम्भीरता से सुना और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान हिमाचल प्रदेश को हरित उर्जा सम्पन्न राज्य बनाने के लिए समर्थन मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पिति में एक हजार मैगावॉट हाईब्रिड सौर और पवन उर्जा उत्पादन की क्षमता है जिसका ग्रीन कोरिडोर ट्रांसमिशन के माध्यम से दोहन किया जा सकता है। उन्होंने बी.बी.एम.बी. के पास लम्बित हिमाचल के एरियर को जारी करवाने में दखल की प्रधानमंत्री से मांग की। मुख्यमंत्री ने एस.जे.वी.एन और एन.एच.पी.सी. की बिजली परियोजनाओं में दी जा रही निशुल्क पावर

रॉयल्टी बढ़ाने और कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए विशेष अनुदान देने का भी आग्रह किया। उन्होंने बाद में केन्द्रीय उर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ भी भेंट की और शानन जलविद्युत परियोजना के पट्टे की अवधि पूरी हो जाने पर इस परियोजना का अधिकार हिमाचल को दिलाने की मांग की। उन्होंने अन्य लम्बित मुद्दों पर भी खट्टर से चर्चा की।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए तानाशाही पर उतर आई है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश में ऐसा पहली बार हो रहा है जब सरकार जनता को कुछ देने के बजाए उससे सबकुछ वापिस ले रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इधर–उधर की बातें करने के बजाए अपनी पार्टी की गारंटियों पर बात करें। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस 3 सौ यूनिट निशुल्क बिजली देने की गारंटी के नाम पर सत्ता में आई लेकिन इसे पूरा करने के बजाए सरकार ने पहले से चल रही सब्सिडी भी छीन ली है। उन्होंने अंदेशा जताए कि कांग्रेस सरकार आने वाले समय में कई और सुविधाएं छीनने की तैयारी में है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोगों का हक छीनने और उन्हें डराने का काम कर रही है।

**कांग्रेस बैठक**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में लोकसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों का विश्लेषण करने के लिए गठित दो सदस्यीय समिति ने आज लगातार दूसरे दिन शिमला में पार्टी नेताओं के साथ मंथन किया। बैठक के दूसरे दिन आज कांगड़ा व शिमला संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के पार्टी प्रत्याशियों और विधानसभा प्रत्याशियों सहित मंत्रियों, सीपीएस, कांग्रेस विधायकों और सभी जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा की गई। समिति के सदस्य पी.एल. पुनिया और रजनी पाटिल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अधिकांश नेताओं

ने पार्टी की हार के लिए सरकार और संगठन में समन्वय न होने, टिकट आबंटन में देर, पार्टी नेताओं की अनदेखी, बेलगाम अफसरशाही, मोदी फैक्टर और राम मंदिर जैसे मुद्दों को जिम्मेवार ठहराया। पार्टी की वरिष्ठ नेता आशा कुमारी ने कहा कि यदि पार्टी समय रहते प्रत्याशी घोषित करे तो कार्यकर्ताओं को काम करने का अधिक समय मिलता है। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने भाजपा के धन–बल और टिकट में देर को कांग्रेस की हार का कारण बताया। उन्होंने ये भी कहा कि देश में भाजपा का चक्र टूट रहा है और 4 सौ पार का नारा फ्लॉप रहा है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और इसमें कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी भी दी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि सभी विकास कार्य तय सीमा के भीतर पूरे होने चाहिए ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके।

**संजय अवस्थी**

मुख्य संसदीय सचिव व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा नेताओं पर झूठी अफवाहें फैलाने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। संजय अवस्थी ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि भाजपा को विधानसभा उपचुनावों के परिणामों से सबक लेना चाहिए और प्रदेश के विकास में सरकार का सहयोग करना चाहिए क्योंकि राज्य की जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विज़न पर मोहर लगाई है। संजय अवस्थी ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। प्रदेश पर 70 हजार करोड़ रूपए से अधिक का कर्ज भाजपा की ही देन है।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार ने हमेशा ही राज्यों के साथ संघीय ढांचे को मजबूत करने की भावना से काम किया है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं थी वहां भी किसी प्रकार की कमी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नहीं रहने दी। अनुराग ठाकुर झारखंड के बोकारो में बेहतर झारखंड युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड को उन्नत बनाने में युवाओं की भागीदारी और युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण में मोदी सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड अपार सम्भावनाओं वाला प्रदेश है और बेहतर झारखंड के संकल्प को सिद्धि तक ले जाने के लिए यहां के युवाओं को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भी बिना किसी सरकारी सहायता के युवाओं के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें सांसद खेल महाकुम्भ, सांसद भारत दर्शन और एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम शामिल है।

## हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट ने हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री के तत्कालीन पब्लिसिटी एडवाईजर तरूण भंडारी की अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि 2 अगस्त तक बढ़ा दी है। इन तीनों पर प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने का आरोप है। अदालत ने इन तीनों आरोपियों को पुलिस द्वारा मांगे गए उनके मोबाईल फोन 10 दिनों के भीतर सौंपने को भी कहा है। इस मामले पर आज प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संदीप शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान इस मामले की जांच कर रही शिमला पुलिस ने

आरोपियों की अंतरिम जमानत का विरोध किया। पुलिस की दलील थी कि आरोपियों ने अभी तक अपने फोन पुलिस को नहीं सौंपे हैं।

**मौसम**

प्रदेश में धीमी गति से चल रहा मॉनसून अगले कुछ दिनों में फिर से रफतार पकड़ेगा। मौसम विभाग ने राज्य में 18 से 20 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के स्थानीय निदेशक सुरेन्द्र पॉल के अनुसार हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके प्रभाव से मॉनसून की वर्षा में तेजी आएगी। विभाग ने 18 से 22 जुलाई के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जताई है। इस बीच प्रदेश में मॉनसून की रफतार धीमी पड़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अभी तक मॉनसून की सामान्य से 25 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मॉनसून के धीमा पड़ने से हिमाचल में वर्षा में ये कमी आई है।

**डीसी शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जिला के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र में स्थापित बाल देखभाल संस्थान का निर्धारित समयावधि पर दौरा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज शिमला में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को इन संस्थानों के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में पढ़ रहे मेधावी छात्रों के साथ वे स्वयं और जिला पुलिस अधीक्षक वार्तालाप करेंगे।

**ओपीडी**

प्रदेश सरकार के प्रीमियर स्वास्थ्य संस्थान आईजीएमसी शिमला से यूरोलॉजी की ओपीडी 22 जुलाई से सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना में शिफ्ट हो जाएगी। आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल राव और सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना के प्राचार्य डॉक्टर ब्रिज शर्मा ने आज एक पत्रकारवार्ता में कहा कि यूरोलॉजी के मरीजों को 22 जुलाई से आईजीएमसी नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने ये भी कहा कि गैस्ट्रोलॉजी की ओपीडी भी शुक्रवार के दिन चमियाना में ही लगेगी।

## <u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश हित के मुद्दों पर की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात–प्रधानमंत्री का हर सम्भव सहायता का आश्वासन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया जनता की सुविधाएं छीनने का आरोप।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण में समर्पित है मोदी सरकार।
- प्रदेश में धीमा पड़ा मॉनसून फिर पकड़ेगा रफ्तार–18 से 20 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट।